## संलग्नक – 1.5

कार्य का नाम– प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत जनपद अल्मोड़ा के विकास खण्ड भिकियासैण में नौला से थिरोली मोटर मार्ग का निर्माण।

प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना के अन्तर्गत 250 से अधिक अंसयोजित बसावटों को जोडने का लक्ष्य है। प्रस्तावित परियोजना द्वारा जैतखोला 134, गैणिया 44, स्यौतरा 149 एवं थिरोली 279 बसावटों के ग्रामों को जोडा जाना है। प्रस्तावित मार्ग हल्द्वानी से चौखुटिया मोटर मार्ग के किमी0 124 में नौला नामक स्थान से प्रारम्भ होता है, तथा जैतखोला, स्यौतरा, गैणिया को जोडते हुये थिरोली गांव को जोडेगा। प्रस्तावित मार्ग का समरेखण इन ग्रामों में मध्य एवं नीचे से जाता है। प्रस्तावित मोटर मार्ग की लम्बाई में मध्यवर्ती कई स्थानों पर सिविल सोयम भूमि पडती है। यदि मार्ग के समरेखण को केवल गांवों के उपरी ओर से प्रस्तावित किया जाता है तो अधिक मात्रा में वन भूमि प्रस्तावित हो रही है। अतः वन भूमि की मात्रा को न्यूनतम करने हेतु यह समरेखन अनुकूल है। अन्य कोई भी वैकल्पिक समरेखन से प्रभावित होने वाली वन भूमि को कम किया जाना सम्भव नहीं है। इस मोटर मार्ग की 10.50 किमी0 लम्बाई में कुल 5.427 हैक्टेयर सिविल सोयम भूमि तथा 4.023 हैक्टेयर नाप भूमि प्रभावित हो रही है। मोटर मार्ग के प्रारम्भिक भाग में नाप भूमि स्थित है। उक्त Take off बिन्दु का अन्य विकल्प नहीं है। मार्ग के अन्तिम छोर से थिरोली ग्राम की सीमा प्रारम्भ होती है। प्रस्तावित समरेखन में कम से कम वन भूमि एवं वृक्ष प्रभावित हो रहे है। जबकि अन्य वैकल्पिक समरेखन में अधिक मात्रा में वन भूमि व वृक्ष प्रभावित हो रहे है।

अतः प्रस्तावित समरेखन प्रभावित वन भूमि के दृष्टिकोण से सर्वथा उपयुक्त है।

| | | |
|---|---|---|
| Mehta | | |
| कनिष्ठ अभियन्ता,<br>पी0एम0जी0एस0वाई0 खण्ड,<br>लो0नि0वि0, द्वाराहाट | सहायक अभियन्ता,<br>पी0एम0जी0एस0वाई0 खण्ड,<br>लो0नि0वि0, द्वाराहाट | अधिशासी अभियन्ता,<br>पी0एम0जी0एस0वाई0 खण्ड,<br>लो0नि0वि0, द्वाराहाट |